कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक : शिविरा / माध्य / मा.द. / 22492 / प्रवेशोत्सव / 2019–20 / 26 दिनांक: 7.09.2021

1. समस्त संभागीय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा।
2. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समग्र शिक्षा।
3. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)–माध्यमिक शिक्षा।
4. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एवं ब्लॉक सन्दर्भ केन्द्र प्रभारी, समग्र शिक्षा।
5. समस्त संस्थाप्रधान / पीईईओ / यूसीईईओ।

विषयः– कक्षा 10 उत्तीर्ण विद्यार्थियों को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र एवं प्रवेश देने के संबंध में।

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा सत्र 2020–21 में प्रविष्ट कक्षा 10 के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है परन्तु माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान अजमेर से विद्यालयों को कक्षा 10 के विद्यार्थियों की अंकतालिका नहीं पहुँची है। उक्त परिस्थितियों के कारण कतिपय संस्थाप्रधानों द्वारा विद्यार्थियों को स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र उपलब्ध नहीं करवाया जा रहा है जिसके अभाव में विद्यार्थी को कक्षा 11 में प्रवेश लेने में कठिनाई आ रही है।

ज्ञात रहे कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10 का परिणाम ऑनलाइन जारी किया जा चुका है अतः विद्यार्थियों की ऑनलाइन अंकतालिका के आधार पर स्थानान्तरण प्रमाण–पत्र का आवेदन होने पर संबंधित संस्था प्रधान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान की अधिकृत वेबसाईट से अंकतालिका मिलान कर स्थानान्तरण प्रमाण पत्र जारी करें।

कक्षा 10 की उक्त अंकतालिका व स्थानान्तरण प्रमाण पत्र के आधार विद्यार्थी जिस विद्यालय में प्रवेश लेना चाहता है उस विद्यालय का संस्था प्रधान भी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान की अधिकृत वेबसाईट से अंकतालिका का मिलान कर कक्षा 11 में स्थाई प्रवेश देना सुनिश्चित करें।

(सौरभ स्वामी)
आई.ए.एस.
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा एवं भाषा एवं पुस्तकालय विभाग एवं पंचायती राज (प्रारंभिक शिक्षा) विभाग राजस्थान जयपुर।
2. निजी सचिव, आयुक्त, स्कूल शिक्षा एवं राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर सह विशिष्ट शासन सचिव, राजस्थान, जयपुर।
3. उप निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, जयपुर / सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ, कार्यालय हाजा।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु।
5. वरिष्ठ सम्पादक 'शिविरा', प्रकाशन अनुभाग, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
6. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा।
7. रक्षित पत्रावली।

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर